गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2018

दिसंबर 24, 2018

1. लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

2. लिस्टिंग विभाग,
बांबे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"माननीय प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के बोकारो-अंगुल खंड का शिलान्यास किया - ओडिशा के पांच और झारखण्ड के छ: जिलों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हेतु यह खंड महत्वपूर्ण होगा"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

<u>प्रति</u> :

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

के/ए- सुश्री अर्पणा सलुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के बोकारो-अंगुल खंड का शिलान्यास किया

ओडिशा के पांच और झारखण्ड के छः जिलों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हेतु यह खंड महत्वपूर्ण होगा

भुबनेश्वर, 24 दिसम्बर, 2018: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखण्ड-हल्दिया एवं बोकारो-धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के बोकारो-अंगुल खंड का शिलान्यास किया, जिससे ओडिशा और झारखंड के 11 जिलों में घरों, वाहनों और उद्योगों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा यह शिलान्यास माननीय राज्यपाल, ओडिशा, प्रो. गणेशी लाल, माननीय मुख्यमंत्री, ओडिशा श्री नवीन पटनायक, माननीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय संसद सदस्य श्री प्रसन्न कुमार पटसानी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निर्माण की जा रही बोकारो-अंगुल खंड की कुल लम्बाई 667 कि.मी. होगी, जिसमें से 367 कि.मी. ओडिशा में तथा 300 कि.मी. झारखंड में होगी। यह ओडिशा में पांच जिलों (अंगुल, सुंदरगढ़, झारसुगुडा, सम्बलपुर और देबगढ़) और झारखंड में छः जिलों (बोकारो, रामगढ़, रांची, खुंटी, गुमला, सिमडेगा) को कवर करेगी।

इस खंड की परियोजना लागत लगभग 3400 करोड़ रुपए होगा और इस परियोजना का दिसंबर, 2020 तक पूरा होने का अनुमान है। यह खंड 2650 कि.मी. लंबी जएचबीडीपीएल परियोजना का हिस्सा है जो 'प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा' के रूप में सुविख्यात है तथा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों से होकर गुजर रही है। इस पाइपलाइन को अतिरिक्त रूप से बरौनी (बिहार) से गुवाहाटी (असम) तक विस्तारित किया जा रहा है जिसकी लंबाई लगभग 730 कि.मी. है तथा जो पूर्वोत्तर में पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक गेटवे होगी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने विभिन्न कंपनियों को इन 11 जिलों में शहर गैस वितरण नेटवर्क के विकास हेतु भौगोलिक क्षेत्र अवार्ड कर चुका है तथा बोकारो-अंगुल खंड इन क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को पूरा करेगा।

गेल ने इस खंड हेतु लाइन पाइप के लिए ऑर्डर दे दिया है और साइट पर डिलीवरी शुरू हो गई है। कार्य को पांच खंडों में निष्पादित किया जाएगा और इसके लिए पांच ठेकेदारों को लगाया गया है।

इस पाइपलाइन से इन जिलों के आसपास की बड़ी आबादी को स्वच्छ और हरित ईंधन के साथ घरेलू पीएनजी कनेक्शन और सीएनजी स्टेशन की स्थापना के रूप में लाभ मिलेगा, जिसके परिणामस्वरूप हजारों घरों में खाना पकाने का ईंधन मिलेगा और वाहनों के प्रदूषण में कमी आएगी। इसके अलावा, यह स्टील, रिफ्रेक्ट्रीज, एल्यूमीनियम और आसपास के अन्य उद्योगों की ऊर्जा मांगों को भी पूरा करेगा, साथ ही हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा।